# भातखंडे संस्कृति विवि की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने राज्यपाल और सीएम से की मुलाकात

लखनऊ। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति के रूप में दोबारा नियुक्ति के बाद प्रो. मांडवी सिंह ने मंगलवार को राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह से मुलाकात की। तीनों ने उन्हें नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने विद्यार्थियों के हित में कार्य करने और विश्वविद्यालय के शैक्षणिक व सांस्कृतिक विकास को गति देने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्वविद्यालय के विकास और उन्नयन के लिए पूरी निष्ठा व प्रतिबद्धता से काम करने की अपेक्षा जताई। वहीं, मंत्री जयवीर सिंह ने भारतीय संस्कृति को विश्वविद्यालय के माध्यम से और व्यापक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। (माई सिटी रिपोर्टर)